प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली

5 जून, 2025

हडको ने वृक्षारोपण अभियान के साथ विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको) ने पर्यावरण स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए देश भर में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान के साथ विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया। इस अवसर पर, श्री संजय कुलश्रेष्ठ, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हडको ने संबोधित करते हुए विकास पहलों में पर्यावरण संरक्षण को एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "पर्यावरण के प्रति जागरूक उत्तरदायित्व का निर्वाह करते हुए प्रत्येक दिन पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए।" इस वर्ष के राष्ट्रीय थीम- "एक राष्ट्र, एक मिशन: प्लास्टिक प्रदूषण का अंत" पर जोर देते हुए, उन्होंने सभी कार्मिकों से प्लास्टिक अपशिष्ट संकट से निपटने के लिए दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जागरूक विकल्प अपनाने का आग्रह किया।

हडको प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों, कार्मिकों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। हरित जीवन को प्रोत्साहित करने और पृथ्वी ग्रह के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के लिए, हडको ने अपने प्रत्येक कार्मिक को एक पौधा और एक सौर लैंप भी प्रदान किया।